भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्ङ संख्या: 2266
12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्ङका उत्तर

सिलचर में एम्स की स्थापना हेतु प्रस्ताव

2266. श्री परिमल शुक्ला बैद्य:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को असम के सिलचर में अखिल भारत आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव/अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, ताकि बराक घाटी और पड़ोसी राज्यों मिज़ोरम, मेघालय और त्रिपुरा की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने सिलचर में एम्स स्थापित करने के संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन, स्थल मूल्यांकन या आवश्यकता विश्लेषण किया है या करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हाँ, तो प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का जनता की दीर्घकालिक मांग और क्षेत्र में सुलभ तृतीयक स्वास्थ्य सेवा के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सिलचर में एम्स परियोजना की शीघ्र स्वीकृति, भूमि पहचान, बजट आवंटन और परियोजना के प्रारंभ के लिए कोई कदम उठाने का विचार है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, अब तक देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी जा चुकी है, जिसमें असम के गुवाहाटी में एक एम्स भी शामिल है, जो कार्यशील है। इसके अतिरिक्त, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत, असम में विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा-केंद्रों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए, केंद्र-राज्य साझेदारी के आधार पर सुपर-स्पेशलिटी ब्लॉक की स्थापना के माध्यम से गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज, गुवाहाटी और असम मेडिकल कॉलेज, डिब्रूगढ़ के उन्नयन का कार्य किया गया है। पीएमएसएसवाई के तहत, असम के सिलचर में एक नया एम्स स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****